तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 7 जून 2025



10 जिलेभर में निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया





10 बच्चों ने स्वीमिंग पूल में तैराकी का अभ्यास किया




## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव आसन में सड़क पार कर रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गांगोली निवासी कुलदीप दुकानों पर परचून सामान की स्पलाई का कार्य करता था।

### ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव कमहेडी के पास ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव रामनगर के गुरविंदर सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 4 जून को कमहेडी के निकट से गुजर रहा था तो ट्रक चालक कल्याण सिंह ने तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### डीजे पर नाचने से रोकने पर मारपीट

**जींद।** गांव मनोहरपुर में डीजे पर महिलाओं के बीच नाचने से रोकने पर मारपीट व असलाह दिखा कर गोली मारने की धमकी देने पर सदर थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मनोहरपुर निवासी प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके घर लड़का होने पर शाम को डीजे बजाया जा रहा था।

### शादी का झांसा दे युवती को भगाने का आरोप

**कैथल।** चीका पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में चीका के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 5 जून को अमन नामक युवक उसकी 20 साल की बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया। उसने आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### 58 हजार रुपये की नकदी व जेवर चोरी

**जींद।** गांव हाट में परिवार के लोग मजदूरी करने गए हुए थे। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ 58 हजार रुपये की नगदी, सोना, चांदी के जेवरातों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। हाट निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह परिवार समेत मजदूरी करने गया था।

### 640 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी काबू

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा नशा न करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत एंटी नारकोटिक सेल द्वारा थाना शहर क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 640 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया।

### महिला से मारपीट, छह के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** गांव थुआ में पानी निकासी को लेकर महिला से मारपीट करने पर अलेवा थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामने की जांच कर रही है।गांव थुआ निवासी बाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मकान के आगे लगी टूटी खुली रह गई। जिसके चलते पानी पड़ोसी देवी प्रसन्न मकान के आगे चला गया था।

### भंडारण की पराली में लगी आग, अज्ञात पर मुकदमा

**जींद।** गांव शामदो में भंडारण की गई पराली में लगी संदिग्ध हालात में आग के मामले में अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गांव शामदों निवासी नितिन ने पुलिस को शिकायत दी है।

---

### बिना डिग्री, डिप्लोमा के दसवीं पास चला रहा था पांच वर्षों से क्लीनिक

# सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी कर किया अवैध डेंटल क्लीनिक का भंडाफोड़

**डेंटल सर्जन की शिकायत पर क्लीनिक संचालक के खिलाफ धोखधड़ी का केस दर्ज**

**सूचना के आधार पर सब इंसपेक्टर बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग ने जुलाना में अवैध रूप से चले डेंटल क्लीनिक का भंडाफोड़ किया है। बिना डिग्री, डिप्लोमा के दसवीं पास व्यक्ति 5 वर्ष से लोगों के दांतों का इलाज कर रहा था। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी की शिकायत पर जुलाना थाना पुलिस ने संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी, एनडीपीएस समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि जुलाना के मालवी रोड पुरानी अनाज मंडी के निकट निर्वाचन दंत चिकित्सालय बिना डिग्री तथा डिप्लोमा के चलाया जा रहा है। संचालक गांव मालवी निवासी सत्यवान लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहा है। सूचना के आधार सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर बिजेंद्र सिंह, चरण सिंह, कर्मबीर के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें सफीदो के दंत सर्जन डा. विकास को भी शामिल किया गया। टीम ने जब क्लीनिक में दस्तक दी तो वह मरीज के दांत का इलाज कर रहा था। टीम दंत क्लीनिक संचालक सत्यवान से डिग्री तथा डिप्लोमा मांगा। जिसे दिखाने में वह नाकाम रहा। उसने बताया कि वह दसवीं पास है। जब क्लीनिक के ओपीडी रजिस्टर की जांच की गई तो जिसमें एक जनवरी 2020 से दो जून 2025 तक की एंट्री मिली। जब क्लीनिक की जांच की गई तो उसमें एक डेटल चेयर, अल्ट्रासोनिक स्केलर, एक माइक्रो मीटर समेत इलाज में प्रयोग होने वाले उपकरण के अलावा नशीली दवाई भी पाई गई। आरोपित के पास कोई योग्यता नही है। न ही वह किसी संस्था से रजिस्ट्रड पाया गया। बावजूद इसके वह खुद को डेंटल चिकित्सक बता लोगों के स्वास्थय से खिलवाड़ कर रहा था। जुलाना थाना पुलिस ने विभाग के नोडल अधिकारी एवं डेंटल सर्जन विकास की शिकायत पर डेंटल क्लीनिक संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर डेंटल क्लीनिक पर जांच की गई थी। जो बिना डिग्री तथा डिप्लोमा के क्लीनिक चला रहा था। स्वास्थ्य विभाग अवैध रूप क्लीनिक सचालक के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।







जींद। वह क्लीनिक जहां जांच की गई व जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो :हरिभूमि

**मामला दर्ज**

*स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी एवं डेंटल सर्जन विकास ने बताया कि अवैध डेंटल क्लीनिक सचांलक के खिलाफ जुलाना थाना में मुकद्मा दर्ज करवा दिया गया। जुलाना थाना प्रभारी रविंद्र ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के डेंटल सर्जन की शिकायत पर अवैध रूप से डेंटल क्लीनिक चलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।*

---



पूंडरी। अवैध कॉलोनी में बने निर्माण को प्रशासन द्वारा तोड़ा गया।

# पूंडरी: अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का पीला पंजा

- 8 एकड़ में फैली कॉलोनी पर जेसीबी चलाकर ढहाए निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

शुक्रवार को नगर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते अभियान चलाया। डीटीपी रोहित चौहान और ड्यूटी मजिस्ट्रेट अंशुल अरोड़ा की निगरानी में कैथल रोड स्थित चीमा कॉलोनी के पास 8 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर जेसीबी मशीन के माध्यम से कार्रवाई की गई। कॉलोनी में बनी सड़कों और कुछ निर्माण कार्यों को मौके पर ही तोड़ दिया गया। जिसे लोगों ने महज औपचारिकता बताया। शाम को हुई कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अमले ने अवैध रूप से बनाई गई सड़कों को ध्वस्त किया और निर्माण सामग्री को हटवाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कॉलोनी बिना किसी वैध स्वीकृति के विकसित की जा रही थी और इसमें नियमों की अनदेखी की गई है। लोगों का आरोप पूंडरी क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनियां हैं, लेकिन अधिकतर पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया जाता। आरोप था कि लेनदेन व मिलीभगत के चलते कई कॉलोनियों को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

**कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी**

डीटीपी रोहित चौहान ने कहा कि उनके पास कैथल के साथ-साथ अंबाला का भी अतिरिक्त प्रभार है और दोनों जिलों में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले एक महीने में की गई कार्यवाहियों की रिपोर्ट डीसी कैथल को टास्क फोर्स की मीटिंग में भी सौंपी जा चुकी है। डीटीपी ने स्पष्ट किया कि पूंडरी की इस 8 एकड़ की अवैध कॉलोनी के कॉलोनाइजरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते मामले भी दर्ज करवाए जाएंगे। पूंडरी में इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

---

# धोखाधड़ी कर 72 लाख हड़पे तीन पार्टनरों के खिलाफ केस

- आरोपितों ने दिए थे चैक, बैंक में लगाए जाने पर हुए बाउंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

फर्म पार्टनर बना 72 लाख हडपने पर नरवाना पुलिस ने 3 फर्म पार्टनरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मॉडल टाउन नरवाना निवासी विपिन तथा मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने हिसार निवासी प्रवीण गुप्ता, अमन गुप्ता, अंकित गुप्ता के साथ पार्टनरशिप में फर्म बनाई थी। उन्हें हांसी इलाके में पब्लिक हैल्थ में निर्माण का ठेका मिला था। तीनों काम करने में असमर्थता जता चुके थे। जबकि काम करने का तजुर्बा उसके पास था। जिसके चलते तय हुआ था कि आरोपित लाभ का आधा हिस्सा उसे देंगे। वर्ष 2024 मे जब फर्म का हिसाब हुआ तो विपिन के हिस्से 42 लाख व मोहित के हिस्से 30 लाख आए। जिसके बाद आरोपितों ने दो चैक दे दिए। आरोपितों ने आश्वासन दिया कि 31 अक्टूबर 2024 के बाद चैक लगा सकते हो। जब लगाए तो जवाब मिला कि उन्होंने अपना खाता ब्लॉक करवा दिया है।

**जांच जारी**

शहर थाना नरवाना के जांच अधिकारी चंदन सिह ने बताया कि धोखाधड़ी के आरोप लगाते हुए शिकायत दी गई थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

---

# मिड-डे मिल वर्कर्स को नहीं मिला चार माह का मानदेय

- मानदेय नहीं मिलने पर दिया धरना और तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ने शुक्रवार को जिला सचिव सुनीता और जिला उपाध्यक्ष पिंकी के नेतृत्व में पिछले चार महीने से मानदेय नहीं मिलने पर धरना दिया और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। यूनियन नेताओं ने कहा कि फरवरी के बाद से जींद की मिड डे मिल वर्करों को अपना मानदेय नहीं मिला। इससे मिड डे मिल वर्करों को अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा। मिड डे मिल में काम करने वाली महिलाएं गरीब तबकों और ज्यादातर विधवा है। उन्होंने मांग की कि जल्दी से जल्दी मिड डे मिल वर्करों का रुका हुआ मानदेय जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के बजट में लगातार कटौती कर रही है लेकिन बेटी बचाओ ओर बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले भाजपा सरकार के मंत्रियों और विधायकों के पास महिलाओं की समस्याओं को सुनने तक का टाइम नहीं। 12 अप्रैल को पानीपत, सोनीपत व करनाल की मिड डे मील वर्कर्स शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के आवास पानीपत में प्रदर्शन किया था लेकिन शिक्षा मंत्री ने भी मिड डे मिल वर्कर्स की मांगों का समाधान नही किया तो नौ जुलाई को पूरे हरियाणा की मिड डे मिल वर्कर्स हड़ताल करके अपने जिले में उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स लंबे समय से अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर आंदोलनरत है लेकिन प्रदेश सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है सरकार की बेरुखी है।



जींद। अधिकारी को मांगों का ज्ञापन सौंपते यूनियन नेता। फोटो :हरिभूमि

---



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम को लेकर जताया विरोध**

**जींद।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसो (एचीसएमएस) के आह्वान पर चिकित्सकों ने जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम के विरोध को लेकर प्रदेशस्तर पर डीजी हैल्थ, एमडी एनएचएम व जिला स्तर पर सीएमओ डा. सुमन कोहली को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पहले एसोसिएशन सदस्यों ने बैठक की और अपने-अपने विचार व्यक्त किए। खासकर महिला चिकित्सकों ने जियोफेंसिंग अटेंडेंस सिस्टम को लेकर अपनी सुरक्षा के सवाल उठाए। सीएमओ ने एसोसिएशन सदस्यों को आश्वासन दिया कि ज्ञापन को उच्च अधिकारियों को भेज दिया जाएगा। इस मौके पर एचीसएमएस प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, सर्जन डा. कर्मबीर, डिप्टी सीएमओ डा. संदीप लोहान मौजूद रहे।

---

# मई माह में पुलिस ने 7892 वाहनों के चालान काटकर 49.58 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

- ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कैथल में ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों पर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार कड़ी निगरानी की जा रही है। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर नरेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान काटे जा रहे है तथा साथ साथ आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा करने वाले तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर विशेष तौर पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस दौरान मई माह दौरान एसी 45 बुलेट बाइको के चालान किए है। प्रवक्ता ने बताया कि मई माह के दौरान यातायात पुलिस ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों से काफी सख्ती से पेश आई। माह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने के मामले में 142 इम्पाउंड व्हीकलों सहित कुल 7892 चालान किए गए। गत माह के दौरान पुलिस द्वारा चालको से 49 लाख 58 हजार 750 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। समाज के एक जिम्मेदार व समझदार नागरिक होने के नाते ट्रैफिक नियमों की पालना करें खुद की जिंदगी और अपनें परिवार की जिन्दगी को सुरक्षित रखें।



# नशा तस्कर को 12 वर्ष कैद की सजा, एक लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने नशा तस्करी के जुर्म में एक दोषी को 12 वर्ष कैद व एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 23 मार्च 2028 को डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव किनाना निवासी प्रवीन नशीले पदार्थो का कारोबार करता है और वह नशीले पदार्थो की डिलीवरी करने के लिए लक्ष्मी नगर के 44 फूटे रोड पर आ रहा है। जिसके आधार पर डिटेक्टिव स्टाफ ने लक्ष्मी नगर में अपना जाल बिछा लिया। कुछ समय के बाद बाइक सवार युवक वहां पर पहुंचा, जिसने बाइक के ऊपर थैला बांधा हुआ था। डिटेक्टिव स्टाफ ने बाइक को रूकवा कर उस पर बंधे थैले की तलाशी ली तो उसमे चरस पाई गई। जिसका वजन एक किलो 10 ग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान गांव किनाना निवासी प्रवीन के रूप में हुई। शहर थाना पुलिस ने बाइक तथा चरस को कब्जे में ले प्रवीन के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था।

---

**सुविधा** | विधायक सतपाल जांबा ने किया 44 लाख की लागत से खरीदी मशीनों का शुभारंभ

# विधायक जांबा के प्रयासों से सीवरेज जाम से मिलेगी निजात, पूंडरी को मिली जेटिंग मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

अब पूंडरी शहरवासियों को सीवरेज जाम की समस्या से राहत मिलेगी। पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा 44 लाख रुपए की लागत से खरीदी गई सीवर क्लीनिंग जेटिंग मशीन का शुभारंभ शनिवार को स्थानीय विधायक सतपाल जांबा ने विधिवत रूप से किया। यह मशीन पूंडरी और कैथल दोनों शहरों के लिए खरीदी गई हैं, जिनमें से एक मशीन पूंडरी नगर पालिका को उपलब्ध करवाई गई है।विधायक सतपाल जांबा ने बताया कि जब उन्होंने पूंडरी क्षेत्र की बागडोर संभाली थी, तभी से उनका सपना था कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। उस समय सबसे गंभीर समस्या सीवरेज के जाम होने की थी, जिससे गंदा पानी गलियों और सड़कों पर भर जाता था। उन्होंने इस समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया और सीवरेज सफाई के लिए मशीन की मांग की, जिसे मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव लाने को कहा जिसे सहर्ष स्वीकार किया। अब इस मशीन से शहर की सीवर सफाई में तेजी आएगी और लोगों को गंदगी से राहत मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी प्रकार की अड़चन या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं की जाएगा। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जनता से जुड़े कामों को प्राथमिकता से निपटाएं। किसी भी अधिकारी के विरुद्ध लापरवाही की शिकायत मिली तो कार्रवाई तय है।



**ये रहे मौजूद**

नपा चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, हिशम सिंह बुक्कल पार्षद, पार्षद मुल्तान सिंह, विक्की, अमित सैनी, बलबीर सैनी, संजीव रसीना, बलवंत सिंह, बलबीर गोलन, डॉ. बलविंदर मैहला, पब्लिक हेल्थ एसडीओ जगदीश कुमार, निजी सचिव अरुण गुलाटी समेत कई गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# भिवानी रोड अंडरपास पर निर्माण कार्य प्रारंभ

- पिछले डेढ़ माह से बंद था कार्य, बढ़ रही थी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड अंडरपास पर आखिरकाम काम शुरू हो गया है। पिछले डेढ़ माह से कम बंद होने के चलते आसपास लोगों और दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। अब उम्मीद है कि काम तभी समाप्त होगा जब अंडरपास निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली-बठिंडा रेलवे लाइन पर करीबन साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से तीन मीटर ऊंचाई का अंडरपास बनाया जा रहा है लेकिन इसका निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ था। हालांकि अक्टूबर 2015 में इस अंडरपास की घोषणा हुई थी। मई 2022 में एचएसआरडीसी ने इस अंडरपास के निर्माण के लिए टेंडर लगाया था। दिसंबर 2022 में काम शुरू हुआ था। तब दावा किया गया था कि एक साल में यह अंडरपास बन कर तैयार हो जाएगा लेकिन एक साल तो दूर यह अंडरपास तीन साल में भी पूरा नही हो पाया था। ऐसे में यहां रास्ता बंद होने से हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं और हर रोज कई किलोमीटर लम्बा रास्ता तय करने पर मजबूर हैं।

## खबर संक्षेप

### राजकीय कालेज अलेवा में औषधीय पौधे लगाए

अलेवा। अलेवा के राजकीय कालेज में शुक्रवार को 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता योग क्लब प्रभारी डा. मधुबाला ने की तथा मुख्य तौर पर प्राचार्या वीना कुमारी ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान योग गतिविधियों के अलावा पौधरोपण अभियान भी चलाया।

### परीक्षा देने गई युवती संदिग्ध हालात में लापता

जींद। नरवाना कॉलेज में परीक्षा देने गई युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बद्दोवाल निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की उसकी बेटी को परीक्षा दिलाने के लिए वह नरवाना कालेज में छोड़ कर आया था। तलाशने करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

जींद। सफीदों से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गत तीन मई को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रिपोर्टिंग के लिए अपनाई प्रौद्योगिकी संचालित प्रणाली

जींद। भारत निर्वाचन आयोग चुनाव प्रक्रिया के पश्चात चुनावी आंकड़ों को तेजी से व सुव्यवस्थित रूप से साझा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी की अध्यक्षता में आयोग ने चुनाव संपन्न होने के बाद इंडेक्स कार्ड और विभिन्न सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रौद्योगिकी संचालित प्रणाली को अपनाया है।

### भतीजे ने हमला कर चाचा को किया घायल

जींद। गांव दालमवाला में नशे में धुत्त भतीजे ने चाचा पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर भतीजे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दालमवाला निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर में बैठा था। उसी दौरान उसका भतीजा जगबीर शराब के नशे में धुत्त हो कर आया और लठ से हमला कर दिया।

### भाविप ने पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

नरवाना। पर्यावरण दिवस पर भारत विकास परिषद शाखा केशव द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय इस्माइलपुर में पौधारोपण किया गया। इस सबंध में जानकारी देते हुए शाखा सचिव नत्थू राम ने बताया कि प्रकृति की रचना इस प्रकार की गई है कि उसमें सभी जीवों का पालन पोषण उचित ढंग से हो सके। परंतु भौतिकवादी युग में मनुष्य की लालसा ने ताना-बाना ध्वस्त कर दिया।

### आंगनबाड़ी व हैल्प डेस्कों को दी जानकारी

जींद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष मोनिका के नेतृत्व में बाल विवाह उन्मूलन एवं नशा उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एडीआर सेंटर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में आधार कार्ड के सर्वेक्षण व ट्रैकिंग समावेशन तक पहुंच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और हेल्थ वर्करर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### खाटूश्यामजी के दरबार में मोर पंख और ध्वजा चढ़ाई जाएगी

नरवाना। वीरवार देर शाम नरवाना के खाटूश्याम मंदिर से पूरे शहर में होते खाटूश्यामजी के लिए रवाना हुई। खाटूश्यामजी के दरबार में मोर पंख और ध्वजा चढ़ाई जाएगी। ज्येष्ठ मास की एकादशी और द्वादशी शुभ व बड़ी एकादशी मानी गई है इस अवसर पर मोर पंख और ध्वजा चढ़ाना शुभ माना जाता है।

## शहर में जगह-जगह मीठे पानी की छबील लगाई

# जिलेभर में निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया

### निर्जला एकादशी को पानी पिलाने से पुण्य की प्राप्तिः नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में शुक्रवार को निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा से मनाया गया। शहर में सामाजिक संगठनों व समाजसेवियों द्वारा लगभग 150 अलग-अलग जगहों पर मीठे पानी की छबीलें लगाई गई। कार्यकर्ताओं ने राहगीरों के अलावा वाहनों को रोक-रोक कर पानी पिलाया। कहीं-कहीं मीठे जल के अलावा तरबूज, खरबूजे को भी प्रशाद के रूप में वितरित किया गया। शहर में कोई ऐसी सड़क या चौक नही था, जहां मीठे जल की छबील समाजसेवियों, युवाओं द्वारा न लगाई गई। बच्चे भी राहगीरों तथा वाहन चालकों को रोक-रोक कर पानी पिला रहे थे। रानी तालाब पर युवाओं ने निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर ठंडे पानी की छबील लगाई गई। युवाओं ने मिल कर आने-जाने वाले सभी राहगीरों को पानी पिलाया। युवाओं ने कहा कि यह एकादशी का पर्व केवल पानी पिलाने तक सीमित नही है बल्कि संपूर्ण समाज को यह सीख देता है कि हमें हमेशा दूसरों की सहायता के लिए हर पल तत्पर रहना चाहिए। यह पर्व एक-दूसरे के अंदर सहयोग की भावना जगाता है। इस तरह की पहल समाज में नैतिक मूल्यों को विकसित करती है और युवाओं के अंदर सद्भावना की प्रेरणा को जगाने में सक्षम होती है। गोहाना रोड पर जैन धर्मार्थ अस्पताल के सुभाष जैन के दिशा-निर्देशन में मीठे पानी की छबील लगाई गई। वहीं गोहाना रोड पर भारद्वाज कंप्यूटर्स द्वारा भी मीठे पानी की छबील लगाई। यहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए राहगीरों द्वारा मीठा पानी पीने के बाद ग्लास एकत्रित करने के लिए अलग से युवाओं की ड्यूटी व ड्रम रखा गया था।





शहर में जगह-जगह लगाई गई मीठे पानी की छबीलें।0000000000

### श्रद्धालुओं ने निर्जला एकादशी का व्रत रख मांगी खुशहाली

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह की निर्जला एकादशी को पानी पिला कर सेवा करना पुण्य का भागीदार माना जाता है और इस से स्वर्ग की प्राप्ती होती है। यूं तो साल में कुल 24 एकादशी तिथियां आती हैं लेकिन ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष में पडने वाली एकादशी को सर्वोत्तम माना गया है। इस एकादशी को निर्जला एकादशी के नाम से जानते हैं। इस बार एकादशी पर हस्त नक्षत्र और व्यतीपात योग का संयोग रहा। जो श्रद्धालुओं के लिए बेहद शुभकारी रहा। श्रद्धालु इसी विश्वास को सार्थक करते निर्जला एकादशी पर जगह-जगह मीठे पानी की छबीलें लगाते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा अराधना का भी विशेष महत्व है। साथ ही एकादशी के सूर्योदय से द्वादशी के सूर्योदय तक निर्जल (बिना पानी के) व्रत रखने का महत्व है। कहते हैं कि निर्जला एकादशी पर उपवा स रखकर आप पूरे वर्ष में आने वाली सभी 24 एकादशी का फल प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान श्रद्धालु निर्जला एकादशी का व्रत रखते हैं।

# 150 लोगों का बीपी व शुगर जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले हरियाणा सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली गतिविधियों के तहत बालाजी पार्क में उच्च रक्तचाप और मधुमेह के रोगियों के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इसके लिए, जो व्यक्ति 15 दिन योग करेंगे उन को योग प्रारंभ करने से पहले एवं योग करने के 15 दिन पश्चात रक्तचाप और शुगर का जांच किया जाएगा। यह कार्यक्रम आयुष विभाग स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। जिसमें आयुष विभाग से डा. पूनम व स्वास्थ्य विभाग से एमसीडी नोडल अधिकारी डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचल अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। जांचे गए उच्च रक्तचाप और शुगर के रोगियों को आहार विहार और योग के द्वारा प्रथम दिन और 15 दिन बाद जांच की जाएगी और देखा जाएगा कि योग करने के बाद उनके रक्तचाप बीपी और शुगर में कितना बदलाव आया है। इस प्रकार यह एक योग का प्रभाव देखने के लिए कैंप का आयोजन बालाजी पार्क में किया गया। इस अवसर पर 150 लोगों का बीपी शुगर चेक किया गया और उनको खानपान आहार स्वास्थ्य योग संबंधी जानकारी दी गई। इस मौके डा. कविता, योग सहायक नवनीत, ऊषा उपस्थित थे।



जींद। शिविर में बीपी व शुगर जांचते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो:हरिभूमि

### टीम ने घर-घर पहुंचकर 67 लोगों के लिए रक्त के नमूने

अलेवा। स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार डेंगू के लारवा को खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की छह टीमों ने पीएचसी नगूरां के अधीन गांव नगूरां में घर की छतों पर पड़े टायर तथा कबाड़ में कोने-कोने में लारवा की जांच की। इस दौरान स्वास्थ विभाग की टीम ने डेंगू से बचने का एक ही मंत्र है घर में हो साफ.-सफाई निरंतर,ए जहां हो पानी का ठहराव, ए वहां डेंगू मच्छर का फैलाव नामक स्लोगनों से लोगों को मलेरिया तथा डेंगू के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार लोगों के घरों के कोने-कोने तक पहुंच कर होदी, कूलर, टंकी आदि में टेमीफोस नामक कीटनाशक दवाई डाल रही है, जोकि मच्छरों के लारवा के नियंत्रण के लिए काफी प्रभावी है।



नरवाना। लघु नाटिका प्रस्तुत करते हुए बच्चे। फोटो:हरिभूमि

### बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत की

नरवाना। प्राचार्य संजय चौधरी ने बताया कि पीएम श्री राजकीय विद्यालय बडनपुर में भारतीय भाषा समर कैंप का पांचवें दिन भी हुआ सफल आयोजन। जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कैंप के पांचवें दिन विद्यार्थियों को अलग.अलग गतिविधियो की शुरुआत में विद्यार्थी को योग कराया गया। ओपन जिम में एक्सरसाइज कराई गई। राजकुमार प्रदीप शर्माए श्रीकांत एअंजू नैन एवं आशा चौधरी ने स्वतंत्रता सेनानियों के बारे मेंए हमारे स्थानीय सैनिकों के बारे में भूगोल के बारे में जानकारी दी । अंजू नैन एवं आशा चौधरी ने बच्चों से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करवाए । इस कैंप के पांचवें दिन प्राचार्य संजय चौधरी के साथ कैंप का सफल आयोजन करने वाले शिक्षक गण राजकुमार, प्रदीप शर्मा, अंजु नैन एललित विक्रम, आशा रानी,श्रीकांत शर्मा , वीरेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार उपस्थित रहे।

### समर कैंप में बच्चों ने सीखी सुंदर लेखनी

जींद। सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे समर कैंप का पांचवां दिन सुलेख और पब्लिक स्पीकिंग जैसी सृजनात्मक और व्यक्तित्व विकास गतिविधियों के नाम रहा। बच्चों ने आज लेखनी की सुंदरता और बोलने की प्रभावशीलता को न केवल समझाए बल्कि उसे आत्मसात भी किया। प्रातः योग और ध्यान से दिन की शुरुआत हुई। जिसके बाद विभिन्न समूहों में विभाजित छात्रों ने सुलेख, पब्लिक स्पीकिंग, संगीत, नृत्यए आर्ट एंड क्राफ्ट और मजेदार गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हम बच्चों को केवल अकादमिक नहीं बल्कि जीवन कौशल की शिक्षा भी देना चाहते हैं। यह समर कैंप उन्हें व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार करने का एक सार्थक प्रयास है जहां वे विचारों को बेहतर ढंग से व्यक्त करना और सहेजना सीख रहे हैं। सुलेख विशेषज्ञ मुकेश मलिक द्वारा विद्यार्थियों को सुलेख के महत्व, सही स्ट्रोक्स, संतुलित शब्द विन्यास तथा सुंदर लेखन के व्यावहारिक अभ्यास कराए गए।




जींद। समर कैंप में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो:हरिभूमि



जींद। किसानों के समूह से बातचीत करते विशेषज्ञ। फोटो:हरिभूमि

### कृषि वैज्ञानिकों ने किया संवाद

जींद। भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल के निदेशक डा. रतन तिवारी ने शुक्रवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गांव सुदकैन खुर्द, लोधर व छात्तर गांव में किसानों से आह्वान किया कि वो अपनी समस्याएं व अनुभव वैज्ञानिकों के समक्ष रखें ताकि वैज्ञानिक इस आधार पर शोध की रणनीति तय कर सकें। किसान गुरू और वैज्ञानिक शिष्य होते हैं। किसानों को आगे बढने के लिए नई तकनीकों को अपनाना पड़ेगा। कई मामलों में किसानों से नई बातें सीखने को मिलती हैं। कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा के प्रभारी डा. रामकरण गौड़ ने किसानों से आह्वान किया कि इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा जुड़ कर वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तकनीकों और जानकारी का फायदा उठाएं। करनाल से आए वैज्ञानिक डा. अश्विनी ने धान की किस्मों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि धान की किस्म पूसा बासमती 1885 व पूसा बासमती 1886 में ब्लास्ट व ब्लाइट की बीमारी नहीं आती है। इससे किसानों का खर्चा कम हो जाता है।

### ब्लॉक स्तरीय योग प्रतियोगिता में मीनाक्षी प्रथम

जींद। ब्लॉक स्तरीय योग प्रतियोगिता डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में आयोजित करवाई गई। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने कहा कि 10 से 14 साल की आयु वर्ग की लड़कियों की प्रतियोगिता में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल की खिलाड़ी मीनाक्षी ने प्रथम, क्रिस्ट राजा कान्वेंट स्कूल की खिलाड़ी परिधि दहिया ने दूसरा और डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल की खिलाड़ी वंदिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 14 से 18 साल के आयु वर्ग में डीएवी शताब्दी स्कूल की छात्रा स्नेहा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा 18 से 28 आयु वर्ग में प्रीति ने प्रथम और सिमरन ने दूसरा स्थान हासिल किया। 28 से 40 आयु वर्ग की प्रतियोगिता में नीलम ने प्रथम, डा. पूनम ने दूसरा और उषा ने तीसरा स्थान हासिल किया। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने कहा कि अब जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आठ जून को अर्जुन स्टेडियम में होगी। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 15 जून को करनाल में होगी।



जींद। योग प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो:हरिभूमि



जींद। हिंदू कालेज में योग क्रियाएं करते हुए। फोटो:हरिभूमि

### योग करने से तनाव और चिंता में कमी

जींद। हिंदू कन्या कालेज में योग सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं, स्टाफ सदस्यों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों को एक साथ लाया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच योग और कल्याण को बढ़ावा देना था। कालेज की राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने सामुदायिक सेवा और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने आयोजकों और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते कहा कि योग करने से तनाव और चिंता में कमी आती है तथा ध्यानए एकाग्रता और आत्म.जागरूकता में वृद्धि होती है। इसी कड़ी में महाविद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।



जींद। योग करते हुए साधक। फोटो:हरिभूमि

### योग शिविर का आयोजन

जींद। छोटू राम किसान महाविद्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संदर्भ में राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी के विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण व योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. कुलबीर रेढू ने भी विद्यार्थियों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। कहा कि कालेज में आज अनेक फलदार व छायादार पौधे लगाए गए हैं। क्योंकि यह मौसम पौधारोपण कार्यक्रम के लिए सबसे उपयुक्त मौसम है। कहा कि हमें प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि आने वाली पीढियां को एक साफ व स्वस्थ वातावरण दे सकें। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक डा. राजपाल ढांडा ने विद्यार्थियों ओर अन्य सदस्यों को योगा करवाई। कि हमें कपालभाति, सूर्य नमस्कार आदि को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लेना चाहिए।

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन में समर कैंप जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर में समर कैंप छठे दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर छात्रों ने कला और शिल्प में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने नए डिजाइन सीखे, आकर्षक हस्तशिल्प बनाए और अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से व्यक्त किया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को गर्मी की छुट्टियों में कुछ नया सिखाना और उनकी रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करना है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस तरह के कैंप से बच्चों को न केवल सीखने का मौका मिलता है बल्कि वे अपने शौक और रुचियों को भी निखार सकते हैं। छात्रों ने विभिन्न कलात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया और साथ ही कुछ नया सीखने का उत्साह भी दिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि गर्मी की छुट्टियों में भी बच्चे कुछ रचनात्मक और उपयोगी सीखें। समर कैंप इसी सोच का हिस्सा है जहाँ सीखना आनंद के साथ होता है। शिविर में आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स की रंग, बिरंगी गतिविधियां, नए डिजाइनों और शिल्प तकनीकों को सीखने का अवसर, छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच मिला, सीखते-सीखते छुट्टियों का आनंद, ग्रीष्मकालीन शिविर आगामी दिनों में भी विभिन्न गतिविधियों के साथ जारी रहेगा।



जींद। कैंप गतिविधियों में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो:हरिभूमि




नरवाना। पौधे वितरित करते हुए। फोटो:हरिभूमि

### सौ फलदार पौधे वितरित किए

नरवाना। परवाज़ एक उड़ान चैरिटेबल ट्रस्ट नरवाना द्वारा निशुल्क पौधा वितरण समारोह आयोजित किया जिसमें 100 फलदार पौधे आमजन को वितरित किए गए। ट्रस्ट के सचिव नरेंद्र गर्ग ने बताया कि हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जाता है। यह पर्यावरण जागरूकता के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। 5 जून 1973 को इस दिवस को मनाने की शुरुआत की गई थी। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष का थीम पौधारोपण के साथ साथ प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने पर भी केन्द्रित है जिसका उद्देश्य दुनियाभर में प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को कम करने और स्थायी विकल्प अपनाने की अपील है। संस्था के सदस्यों ने अपील की कि सभी को कपड़े या जूट के बने हुए थैले प्रयोग करने चाहिए।

## मोतीलाल स्कूल में शिविर में खेल, कला, विज्ञान और तकनीक का समावेश

# बच्चों ने स्वीमिंग पूल में तैराकी का अभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में शुक्रवार को को ग्रीष्मकालीन शिविर का पांचवां दिन विद्यार्थियों के लिए एक और रचनात्मक, शैक्षिक और रोमांचक अनुभव लेकर आया। इस दिन विद्यालय परिसर में बच्चों को ज्ञान, कला, खेल, विज्ञान और तकनीक से जुड़ी अनेक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत खेल गतिविधियों से हुई। बच्चों ने बैडमिंटन, रिंग टॉस, फिटनेस रन और अन्य हल्के फुल्के मनोरंजक खेलों में भाग लिया। इन खेलों के माध्यम से बच्चों में न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का विकास हुआ बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुणों को भी बढ़ावा मिला। खेलों के माध्यम से विद्यालय यह संदेश देना चाहता है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान नही बल्कि मानसिक एवं शारीरिक विकास भी होना चाहिए। बच्चों ने गुब्बारे, कागज, बोतल आदि सामान्य वस्तुओं की सहायता से प्रयोग कर वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझा। इस गतिविधि ने विज्ञान को बच्चों के लिए सरल रोचक और अनुभवात्मक बना दिया। इसके बाद बच्चों ने स्विमिंग पूल में उतर कर तैराकी का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों की देखरेख में उन्हें तैरने की बुनियादी तकनीकों के साथ जल सुरक्षा और आत्मविश्वास बढ़ाने वाले अभ्यास कराए गए। कुछ बच्चों के लिए यह पहला अनुभव था जो उनके आत्मबल को नई दिशा देने वाला साबित हुआ। प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य शिक्षा को समग्र रूप में बच्चों तक पहुंचाना है। बच्चों की उत्साही भागीदारी और उनके चेहरे की चमक इस बात का प्रमाण थी कि उन्हें इन गतिविधियों से अपार आनंद और सीख प्राप्त हुई। स्कूल समन्वयक सुरेंद्र कुमार ने भी कहा कि शिविर का पांचवा दिवस न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास की दिशा में एक और प्रभावशाली कदम सिद्ध हुआ।



जींद। गतिविधियों में भाग लेते बच्चे। फोटो:हरिभूमि



जींद। धुम्रपान न करने की शपथ लेते कैडेट्स। फोटो:हरिभूमि

### धुम्रपान न करने की शपथ ली

जींद। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैंप का शुक्रवार को पांचवा दिन उत्साह और सीखने से भरा रहा। कैडेटों ने दिन की शुरुआत कठोर आर्म्स ड्रिल और फुट ड्रिल प्रशिक्षण के साथ की। जिससे उनका अनुशासन और सटीकता निखर कर आई। इसके बाद उन्होंने नेविगेशन और भौगोलिक जागरूकता के लिए आवश्यक कार्डिनल प्वायंटस और उत्तर के प्रकारों की खोज की। इस दिन के मुख्य आकर्षण विशेषज्ञ व्याख्यान थे। जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी के प्रिंसिपल धनीराम ने सोशल मीडिया के प्रभाव और इसके जिम्मेदाराना उपयोग पर चर्चा की और सिविल अस्पताल जींद के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रमेश पंचाल ने मौखिक स्वास्थ्य पर तंबाकू के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला। दिन का समापन एक रोमांचक बाधा दौड़ खेल के साथ हुआ। जिसमें कैडेटों की शारीरिक चपलता, धीरज और टीम वर्क का परीक्षण किया।

## 10वीं कक्षा की टॉपर्स बेटियों को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# गांव कैलरम और जाखौली लिंगानुपात सुधार में अव्वल

**राज्य सरकार की बेस्ट विलेज अवार्ड स्कीम के तहत वर्ष 2023 व 2024 में लिंगानुपात में सुधार के लिए किया गया सम्मानित**



**कैथल।** डीसी प्रीति कैलरम गांव की टॉपर बेटियों को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिले के कैलरम व जाखौली गांव को लिंगानुपात सुधारने पर जिला के सर्वश्रेष्ठ गांव रूप में चुना गया है। वर्ष 2023 में कैलरम गांव में 45 लड़कों के मुकाबले 70 लड़कियों ने जन्म लिया था। यानी एक हजार लड़कों की दर के मुकाबले 1556 बेटियां जन्मीं हैं। वहीं जाखौली गांव में वर्ष 2024 में 44 लड़कों के मुकाबले 68 लड़कियों ने जन्म लिया था। यहां का लिंगानुपात 1545 रहा था। इसी कारण पीएनडीटी एक्ट के तहत बेस्ट विलेज अवार्ड योजना में दोनों गांव की 10वीं में टॉपर रहने वाली तीन-तीन बेटियों को शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से डीसी प्रीति ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं दोनो गांवों की पंचायत, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर, ग्राम पंचायत सहित स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया। डीसी प्रीति ने बताया कि पीएनडीटी एक्ट के तहत जिले में लिंगानुपात में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के चलते गांव कैलरम व जाखौली के लिंगानुपात में काफी सुधार आया है। जिस कारण पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत राज्य सरकार की बेस्ट विलेज अवार्ड स्कीम के तहत दोनों गांवों में दसवीं में पिछले दो साल में प्रथम रही तीन-तीन बेटियों को नकद ईनाम के लिए चुना गया है। इनमें कैलरम गांव की मुस्कान, काजल व मधु को कक्षा 10वीं में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने पर 75 हजार, 45 हजार व 30 हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार जाखौली गांव की 10वीं कक्षा में प्रथम रहने वाली छात्रा मधु को 75 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली आरती को 45 हजार व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली तन्नु को 30 हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कैलरम की गांव की सरपंच सीता देवी व जाखौली गांव की सरपंच ऊषा देवी सहित आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर व स्वास्थ्य कर्मियों को अच्छा प्रदर्शन करने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि आगे भी अपने गांव का लिंगानुपात में सुधार को बरकरार रखने के लिए प्रयास करते रहें। उन्होंने सभी जिला वासियों से आह्वान किया वे कैलरम व जाखौली गांव से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। वे शिक्षा, खेल, विज्ञान के क्षेत्र में खूब देश का नाम रोशन कर रही हैं। बेटियों के साथ साथ पुत्रवधुओं का भी सम्मान करें, उन्हें बहु नहीं बल्कि अपनी बेटी समझें। सास-बहु मिलजुल कर रहें।

**अभियान जारी**

कैलरम की गांव की सरपंच सीता देवी ने बताया कि लिंगानुपात को लेकर गांव में जागरूकता अभियान चलवाती हैं। लड़का हो या लड़की दोनों के जन्म पर जन्म देने वाली मां को दो किलो देसी घी दिया जाता है। इसी प्रकार से जाखौली की सरपंच ऊषा देवी ने भी पंचायत द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सिविल सर्जन डा. रेणु चावला ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम को बढ़ावा देने के प्रयासों में जिला के गांवों की जनवरी से दिसंबर तक के लिंगानुपात की जानकारी जुटाई जाती है। योजना के तहत लिंगानुपात में अव्वल रहने वाले गांव की कक्षा 10वीं में टॉपर छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

## भाषाएं संचार और समझ के लिए महत्वपूर्ण साधन : दिनेश कुमार


**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य।

**राजौंद।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योग में भाषा संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ दिनेश कुमार ने किया । उन्होंने शिविर में आए सभी बच्चों को संस्कृत, हिंदी, जर्मन, फ्रेंच, अंग्रेजी, पंजाबी, उर्दू मलयालम, तेलुगु, कन्नड़, मराठी, गुजराती भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भाषाएं संचार और समझ के लिए महत्वपूर्ण साधन हैं। यह हमें अपने विचारों, भावनाओं और अनुभवों को व्यक्त करने और सांझा करने में मदद करती हैं। भाषाएं हमारे सामाजिक विकास, सांस्कृतिक पहचान और मानसिक विकास में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि भाषाएं मनुष्यों के बीच संचार का सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं, यह हमें एक-दूसरे से जुड़ने, विचारों का आदान-प्रदान करने और सामाजिक संबंधों को मजबूत बनाने में मदद करती हैं। भाषाएं हमारी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को दर्शाती हैं। यह हमारी पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और हमें अपनी संस्कृति से जोड़ने में मदद करती हैं।

# रामा नर्सिंग कॉलेज की छात्रा उर्वशी ने प्राप्त किया प्रदेश में पांचवां स्थान


उर्वशी नीक्कू प्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा में जीएनएम नर्सिंग द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित किया गया जिसमें रामा नर्सिंग कॉलेज की छात्रा उर्वशी ने 568/700 अंक प्राप्त कर पूरे हरियाणा में पांचवां तथा कैथल जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार छात्रा प्रिया ने 554/700 अंक प्राप्त कर कैथल जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। 528 अंकों के साथ निक्कू तृतीय तथा 524 अंकों के साथ रिया चतुर्थ स्थान पर रही। इसके अलावा कॉलेज का जीएनएम द्वितीय वर्ष का परिणाम शत प्रतिशत रहा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामा नर्सिंग कॉलेज ने कैथल जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के निदेशक सुभाष संधू ने इस उपलब्धि के लिए सभी नर्सिंग स्टाफ तथा सभी बच्चों का धन्यवाद किया तथा आशा की हर साल ऐसे ही सभी स्टाफ और छात्रों के लिए परिणाम ऐसे ही आते रहे। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि रामा नर्सिंग कॉलेज कई वर्षों से लगातार हरियाणा में अपनी सेवाएं दे रहा है तथा विद्यार्थियों को अनेक सुविधाएं प्रदान कर रहा है। रामा नर्सिंग कॉलेज हरियाणा का पहला नर्सिंग कॉलेज है जहां सभी विद्यार्थियों को बस सुविधा भी प्रदान की जाती है।

# योग क्रियाएं शारीरिक, मानसिक भावात्मक संतुलन बनाने में अहम

- चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में योग दिवस के उपलक्ष्य में करवाया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


**पूंडरी।** पौधरोपण करते छात्राएं व स्टॉफ।

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पुंडरी में विशेष निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के दिशा निर्देशानुसार 11वें इंटरनेशनल योग दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया तथा योग से सम्बंधित क्रियाएँ छात्राओं को करवाई गई। निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार जून माह योग को समर्पित है। उसी श्रृंखला में दिनांक छः तथा सात जून को हरियाणा के विभिन्न महाविद्यालयों में वृक्षारोपण किया जा रहा है तथा योग से जुड़ी क्रियाएँ करवाकर छात्र छात्राओं तथा समाज को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉक्टर अमिता ने कहा कि वृक्ष लगाने से हमारा वातावरण स्वच्छ रहेगा और हम ग्लोबल वॉर्मिंग से बचे रहेंगे साथ ही योग क्रियाएं विद्यार्थी जीवन में शारीरिक मानसिक तथा भावात्मक संतुलन बनाने में अहम भूमिका अदा करती हैं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के योगा क्लब तथा एनएसएस यूनिट के संयुक्त तत्वाधान से किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डा. प्रेमलता तथा डॉक्टर सोनिया दहिया रही।

## कलायतः श्री कपिल मुनि महिला महाविद्यालय में किया योगाभ्यास


**कलायत।** कलायत के श्री कपिल मुनि महिला कालेज में योगाभ्यास करती छात्राएं व प्राध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

**कलायत।** श्री कपिल मुनि महिला महाविद्यालय कलायत कैथल में उत्तर शिक्षा निदेशालय हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में योग दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य सुनील गर्ग के साथ सभी स्टाफ सदस्य ने प्राणायाम व योगासन का अभ्यास किया। इसमें मुख्य रूप से अनुलोम विलोम, भ्रामरी, कपालभाति, सूर्य नमस्कार व वज्रासन शामिल थे। सुनील गर्ग ने बताया कि जीवन में योग का बड़ा महत्व है। यदि इसका नियमित अभ्यास करते हैं तो यह हमें अनेक प्रकार के रोगों से मुक्ति के साथ में हमारी चित वृत्तियां में भी सुधार करता है। योग सात्विकता की तरफ भी प्रेरित करता है। मनुष्य को नियंत्रित योग का अभ्यास करते रहना चाहिए। अगर मनुष्य नियमित रूप से प्राणायाम आसन और संतुलित आहार लेता है तो है हर प्रकार की बीमारियों से दूर रह सकता है। योगाभ्यास के बाद महाविद्यालय में वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया गया।

## फील्ड से रिपोर्ट लेने में लेटलतीफी न करें अधिकारी

# शिकायतों के निपटान में गंभीरता दिखाएं अधिकारी

- डीसी ने की समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए। शिविर में आने वाली शिकायतों पर फील्ड से रिपोर्ट लेने में लेटलतीफी न करें।

शिकायत के अनुसार तथ्य जानकर तुरंत नियमानुसार कार्रवाई करें। जिन विभागों की शिकायतों काफी पुरानी है, वे अपनी प्रफोरमेंस में सुधार लाएं। डीसी प्रीति शुक्रवार को राज्य स्तर पर वीसी के माध्यम से समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा के बाद लघु सचिवालय के सभागार में सभी विभागाध्यक्षों के साथ जिले में समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समीक्षा बैठक में अपनी विभाग से संबंधित शिकायतों का संक्षिप्त विवरण जरूर लेकर आएं। उन्होंने कहा कि वीरवार को सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से जुड़ी शिकायतों पर अपडेट लें। जिनका समाधान हो गया हो, उसकी एटीआर रिपोर्ट Zपोर्टल पर अपलोड करें। जिस शिकायत के समाधान में नियमानुसार कोई परेशानी है तो उसकी भी जानकारी दें। बेवजह शिकायतों को लंबित न रखें। इसके अलावा सीएम विंडो, जन संवाद पोर्टल तथा सोशल मीडिया पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का भी निर्धारित समय अवधि में निपटान किया जाए। अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी शिकायत ऑवरड्यू न हो और दोबारा न खुले। इसके लिए पहली बार में ही शिकायतकर्ता से संतुष्टि प्राप्त की जाए।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

**बम्पर इनामी योजना-2025**

नाम.............................................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.............................................................
पता.......................................................................तहसील ......................पिन......................
जिला .............................. फोन नं. .............................. एजेंट का नाम ..............................................

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |

**नियम व शर्तें** **हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025** - 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ▶▶ **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ▶▶ योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ▶▶ **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ▶▶ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होंगे। ▶▶ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ▶▶ हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। ▶▶ यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ▶▶ वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ▶▶ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ▶▶किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ▶▶ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ▶▶ हरिभूमि की पहले से चल रही किसी भी स्कीम का पाठक **बम्पर इनामी योजना-2025** में शामिल नहीं किया जाएगा। ▶▶ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ▶▶ प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ▶▶ पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ▶▶ किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ▶▶ अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ▶▶ ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ▶▶ विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ▶▶ प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ▶▶ सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 16 को

**जींद।** जिला तैराकी संघ जींद ने ओपन तेराकी प्रतियोगिता की तैयारी शुरू कर दी है। ओपन तेराकी प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग जूनियर वर्ग व सब जूनियर वर्ग के लड़के व लड़कियों की प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से जिला जींद की टीम राज्य स्तरीय तैराकी की प्रतियोगिता में भाग लेगीए जो जुलाई में होने जा रही है। जिला स्तरीय तैराकी की प्रतियोगिता के लिए 16 जून तारीख निर्धारित की गई है। यह प्रतियोगिता एकलव्य खेल स्टेडियम के तरणताल पर करवाई जाएगी। तैराकी संघ के महासचिव विनोद ने बताया कि सीनियर वर्ग में 14 साल से ऊपर के खिलाड़ी खेल सकते हैं। जूनियर वर्ग में ग्रुप एक और ग्रुप दो शामिल हैं। ग्रुप एक में 15 से 17 साल आयु वर्ग के खिलाड़ी आते हैं और गुप दो में 13 से 14 साल के खिलाड़ी आते हैं और 12 साल से कम आयु के खिलाड़ी सब जूनियर वर्ग में आते हैं। सब जूनियर वर्ग में ग्रुप 3, 4 व 5 है। ग्रुप 3 में 11 से 12 साल के खिलाड़ी आते हैं। ग्रुप 4 में 9 से 10 साल के खिलाड़ी और ग्रुप 5 में 7 से 8 साल की खिलाड़ी आते हैं।

### पीएम के नेतृत्व में तेजी से विकास कर रहा देश

**पूंडरी।** पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की नई ऊंचाइयां छू रहा है। पिछले 11 वर्ष केंद्र सरकार ने देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, गरीब कल्याण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को एक नई पहचान मिली है। आज देश विकास, नवाचार एवं जनकल्याण के नए नए आयाम स्थापित कर रहा है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम किया है।

### एसडीएम ने किया पंप सेटों का निरीक्षण

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने उपमंडल की विभिन्न ड्रेन और उन पर लगे पंप सेटों का निरीक्षण किया। एसडीएम जगदीश चंद्र शुक्रवार को दुबल ड्रेनए उझानाए कोयलए अंबरसर और बेलरखा सहित सभी बाढ असंकित क्षेत्रो में पहुंचे। उनके साथ इस दौरान एक्सईएन सिंचाई विभाग सौरभ गर्ग भी मौजूद रहे। एसडीएम ने निकट संभावित बरसाती सीजन के मध्यनजर जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए किए गए विभागीय प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी ड्रेनेज पर जल भराव आशकिंत क्षेत्रो में लगे पंप सेटों को समय रहते दुरुस्त करें ताकि अत्याधिक बरसात से आसंशकित बाढ़ जैसी स्थिति पर तुरंत काबू पाया जा सके। सभी पंप सेटए डीजल इंजन तथा बिजली की मोटर चालू हालत में रहे ताकि जल भराव की स्थिति में तुरंत पानी निकासी हो सके। एसडीएम ने स्पष्ट हिदायत दी की सभी ड्रेनए नालेए माईनर तथा डिस्ट्रीब्यूट्रिज फौरी तौर पर गाद् वगैरहा निकालकर सफाई की जाए। सभी कार्य समय रहते पूरा करना सुनिश्चित करें ।उन्होंने यह भी कहा कि पानी निकासी के लिए पंप सेट पर लगाई गई पाईपलाईन सही हालत में हो ताकि निकासी में परेशानी न हो।

## डीसी को निर्देश : तय समय सीमा में ड्रेनों की सफाई सुनिश्चित करें अधिकारी

# उपायुक्त ने कैथल ब्लॉक की ड्रेनों के सफाई कार्य का निरीक्षण किया

कई जगहों पर मिला शत-प्रतिशत साफ-सफाई का कार्य, डीसी ने दिए ड्रेनों में उगी झाड़ियों, जलखूंबी हटाने सहित किनारों पर खड़े पेड़ों की छंटाई के निर्देश


कैथल। डीसी प्रीति मानस ड्रेन व ग्योंग ड्रेन का निरीक्षण करते हुए फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ›› कैथल

डीसी प्रीति ने शुक्रवार दोपहर बाद कैथल ब्लॉक की ड्रेनों में करवाए जा रहे साफ-सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए और कहा कि ड्रेनों की सफाई कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी समय रहते ड्रेनों की सफाई सुनिश्चित करवाएं। ताकि बारिश के पानी की बिना किसी बाधा के निकासी हो सके। उन्होंने ड्रेनों में मुख्य चौक-चौराहों के साथ-साथ कई किलोमीटर तक ड्रेनों की पटरियों से जहां तक संभव हुआ वाहनों की मदद से और उसके बाद पैदल जाकर भी बारीकी से ड्रेनों की सफाई के कार्य का निरीक्षण किया।

- बारिश के पानी की समुचित निकासी के लिए समय रहते ड्रेनों की सफाई जरूरी

### ड्रेनों में उगी हुई जलखूंबी की सफाई सुनिश्चित करें

डीसी ने ड्रेनों में मनरेगा से करवाए जा रहे सफाई के कार्य, पोकलेन व जेसीबी से करवाए जा रहे कार्य का निरीक्षण करते हुए कहा कि ड्रेनों के अंदर से जहां तक संभव हो सके गाद निकाली जाए। साथ ही ड्रेनों में उगी हुई जलखूंबी की सफाई सुनिश्चित करें। इसके अलावा किनारों पर जो पेड़ खड़े हैं, उनकी कटाई-छंटाई जरूरी है। क्योंकि पानी की निकासी के समय ये टहनियां पानी के बहाव में रुकावट पैदा करती हैं।

उन्होंने कहा कि जो गाद निकाली जाए, उसका उठान भी सुनिश्चित किया जाए। ऐसा न हो कि जो गाद निकाली जाए, वह फिर से बहकर ड्रेनों में चली जाए। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि समय रहते ड्रेनों, नालों की सफाई की जाए। ताकि बारिश के समय में लोगों को जलभराव जैसी स्थितियों का सामना न करना पड़े। इन्हीं निर्देशों मद्देनजर अधिकारी सफाई कार्य में गंभीरता दिखाएं। डीसी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कहीं कार्य में लापरवाही मिलती है तो कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाएगी।

### मनरेगा से करवाए जा रहे सफाई कार्य

डीसी प्रीति ने दोपहर बाद सबसे पहले ग्योंग ड्रेन का निरीक्षण किया। करनाल रोड से लेकर डीसी ड्रेन की पटरी से होते हुए गांव भैणी माजरा तक पहुंची और बीच में कई जगह रुकते हुए मनरेगा से करवाए जा रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रेन में बेस बनाने सहित दोनों किनारों पर आवश्यक सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस ड्रेन पर कई जगहों पर सफाई कार्य संतोषजनक रहा। इसके बाद डीसी ने करनाल रोड से सेक्टर 18 के बीच से निकल रही ड्रेन का निरीक्षण किया। यहां कई जगहों पर कार्य संतोषजनक न मिलने पर डीसी ने विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए कि समय रहते इस ड्रेन की सफाई सुनिश्चित करवाएं। इसके बाद डीसी ने देवीगढ़ लिंक ड्रेन का दौरा किया। जहां उन्होंने ड्रेन के अंदर से गाद निकालने, पेड़ों की कटाई छंटाई करने व इस ड्रेन के ऊपर से गुजर रहे रजबाहे की सफाई के लिए सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता को निर्देश जारी किए। इसके बाद डीसी अंबाला रोड पर स्थित मानस ड्रेन पर पहुंचीं। जहां मनरेगा से साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा था। यहां से डीसी ने क्योड़क व ढांड रोड की ओर से आ रही ड्रेन में जलखूंबी को हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद वे गांव क्योड़क में क्योड़क ड्रेन के उत्पत्ति प्वाइंट पर पहुंचीं। जहां उन्होंने मौके पर किए जा रहे सफाई कार्य में आवश्यक सुधार व तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कैथल चौक तक इस ड्रेन के अंदर से कई जगह से गाद निकालने के भी निर्देश जारी किए। इसके बाद डीसी ने सिल्ला खेड़ा ड्रेन का निरीक्षण किया। जहां ड्रेन के किनारों से कई जगहों से पेड़ों की कटाई-छंटाई के निर्देश दिए। यहां ड्रेन के अंदर से निकाली गाद व उसके उठान कार्य पर डीसी ने संतुष्टि जताई। साथ ही ठेकेदार को निर्देश दिए कि वे यहां सराहनीय कार्य करें। ताकि पानी की समुचित निकासी हो सके।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीएमसी सुशील कुमार, एसडीएम अजय सिंह, डीआरओ चंद्रमोहन, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता व अन्य अधिकारियों के अलावा जन स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।



# चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ›› कलायत

- पुलिस कर्मचारियों ने संदिग्ध लोगों से की पूछताछ
- लोगों के दस्तावेज जांचकर सुरक्षा की सुनिश्चित

कलायत शहर में चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने एसपी आस्था मोदी के निर्देश पर सख्त रुख अपना रखा है। इसके तहत हर उन पहलुओं पर बारीकी से जांच-पड़ताल की जा रही है जिससे दुकानों में चोरी करने वाले गैंग का सुराग लग सके। इसके साथ ही शहर में अलग-अलग स्थानों पर रहने वाले अजनबी और संदिग्ध लोगों की गतिविधियों को जांचने के लिए शुक्रवार सुबह पांच बजे ऑपरेशन शुरू हुआ।

इसके तहत थाना प्रभारी रामनिवास शर्मा की अगुवाई में भारी पुलिस दल ने विभिन्न हिस्सों में जाकर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान, पूछताछ और दस्तावेजों की जांच की। पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर डेरा डालते हुए अजनबी लोगों से भी पूछताछ की। इस दौरान कई लोगों से उनकी पहचान के दस्तावेज दिखाने को कहा गया। एसएचओ ने बताया कि कुछ समय से कलायत क्षेत्र में चोरी की कई वारदातें सामने आई हैं। इसमें मुख्य रूप से रात के समय दुकानों को निशाना बनाया गया। संदिग्धों की पहचान के लिए स्थानीय सीसीटीवी फूटेज की मदद ली जा रही है। पुलिस के इस ऑपरेशन का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना और अपराधियों पर नकेल कसना है।

थाना प्रबंधक ने बताया कि ये अभियान आगे भी जारी रहेंगे। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। पुलिस की इस मुहिम की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की है और सहयोग का भरोसा दिलाया है। प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास हो रही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# कृषि विज्ञानियों ने किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ›› कलायत


खरक पांडवा में किसानों को नए शोधों को लेकर जागरूक करते कृषि वैज्ञानिक।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र कैथल द्वारा कलायत के गांव खरक पांडवा, पिंजुपुरा व शिमला में किसान गोष्ठियों का आयोजन हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डा.रमेश वर्मा ने बताया की इस समय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा देश के 700 जिलों में अभियान एक साथ चलाया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से किसानों को विभाग के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषि को मुनाफे का सौदा बनाने के लिए नए इजाद किए गए बीज व तकनीकों को लेकर किसानों को जानकारी दी गई। इस अभियान के तहत कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन से जुड़े हर विषय पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को जितने भी नए शोध हुए उन पर विस्तार से जानकारी दी। शिविरों में कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों के साथ राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान, कृषि, पशुपालन विभाग व बागवानी विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया की वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक, धान की सीधी बिजाई बारे जानकारी दी गई। खंड कृषि अधिकारी डा.विजय मान द्वारा किसानों विभिन्न कार्यक्रमों व स्कीमों के बारे में विस्तार से बताया गया। राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान करनाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.चंद्र दत्त ने किसानों को पशुपालन, पशु आहार व पशु प्रजनन पर जानकारी दी।

# बीएड की परीक्षा देने आए हिंदी माध्यम के छात्रों को थमाया अंग्रेजी में पेपर

हरिभूमि न्यूज ›› कैथल


कैथल। नाराजगी जताते बीएड के छात्र। फोटो : हरिभूमि

डा. भीम राव अंबडेकर राजकीय कॉलेज कैथल में बीएड की परीक्षा देने आए हिंदी मीडियम के छात्रों को अंग्रेजी माध्यम का पेपर थमा दिया गया। सतपाल निवासी जिला भिवानी ने बताया कि उनका बीएड की परीक्षा कैथल के राजकीय अंबेडकर कॉलेज में थी। बीएड पार्ट वन लर्निंग एंड टीचिंग की परीक्षा थी। उन्होंने फार्म में हिंदी माध्यम भरा था और वे हिंदी माध्यम के ही विद्यार्थी हैं। लेकिन परीक्षा केन्द्र के अंदर उन्हें अंग्रेजी माध्यम का पेपर थमा दिया गया। उन्हें ना तो पेपर का इंस्पेंट क्लीयर हुआ और ना ही अंग्रेजी का माध्यम है। सेंटर वालों ने कहा कि वे इस बारे में उन्हें लिखकर दे दो, हम उच्च अधिकारियों को इस बारे में मेल कर देंगे। हमारे कुछ हाथ में नहीं है। आधा अधूरा व आधी समझ के साथ उन्होंने परीक्षा दी। उनकी यूनिवर्सिटी से मांग है कि उन्हें ग्रेस मार्क दिए जाए।



### स्वस्थ शरीर, स्वस्थ पर्यावरण को चला अभियान

**राजौंद।** राजौंद के राजकीय महाविद्यालय में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग सत्र एवं वृक्षारोपण अभियान के साथ मनाया गया। इस दौरान योग सत्र का संचालन होशियार सिंह, अध्यक्ष पतंजलि योग समिति राजौंद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 20 विद्यार्थियों एवं 10 शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। योगा अभ्यास के बाद छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने वृक्षारोपण किया ।इस दौरान महाविद्यालय प्रभारी राम मेहर सिंह के निर्देशन एवं सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रवीन दीपक, तरुण, हरिपाल, सीमा एवं राजरानी का विशेष सहयोग रहा।

# प्रदेश पर्यवेक्षक नियुक्त होने पर सुरेश रोड़ का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ›› पूंडरी


प्रदेश पर्यवेक्षक सुरेश रोड का स्वागत करते प्रेम धीमान व कांग्रेस कार्यकर्ता।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता और जिला कांग्रेस कमेटी कैथल के संयोजक सुरेश रोड़ पबनावा को पार्टी हाईकमान द्वारा संगठन सृजन अभियान के लिए प्रदेश पर्यवेक्षक मनोनीत करने और भारत के विपक्ष के नेता की चंडीगढ़ में हुई बैठक में शामिल करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी है।

जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य एवं कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम धीमान, जिला कार्यकारिणी के सदस्य महेंद्र सिंह, ईश्वर जांगड़ा, शमशेर सिंह आदि वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने सुरेश रोड की इस नियुक्ति के लिए कांग्रेस पार्टी का धन्यवाद करते हुए सुरेश रोड़ का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेस वार्ता मे प्रेम ने बताया कि सुरेश रोड 36 बिरादरी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने में सक्षम है तभी उनके नेतृत्व में 2 माह पहले कैथल जिले में पूंडरी, सीवन और कलायत नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को हराकर पूरे हरियाणा में मिसाल कायम की थी। उन्होंने कहा कि सुरेश रोड़ पार्टी प्रवक्ता के तौर पर कांग्रेस विचारधारा के लिए टी.वी. डिबेट पर और समाचार पत्रों के माध्यम से निरंतर झूठ की दुकान भाजपा से लड़ते आ रहे हैं।


जवाहर सैनी को बुक्का भेंट करते हुए पुष्पा तायल। फोटो : हरिभूमि

### जिला संयोजक बनाने पर जताया आभार

**जींद ।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एडवोकेट डा. पुष्पा तायल ने विश्व पर्यावरण दिवस, डॉ. श्यामा प्रशाद मुखर्जी बलिदान दिवस और आपातकाल का काला अध्याय कार्यक्रमों की जिला संयोजक बनाए जाने पर उन्होंने जींद में इन कार्यक्रमों के प्रदेश संयोजक जवाहर सैनी को बुक्का देकर उनका धन्यवाद किया है। तायल ने उन्हें आश्वस्त किया कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है उसे वे बखूबी जिम्मेवारीपूर्वक पूरा करने का काम करेंगी। इन कार्यक्रमों को वो पूरे जिले में बूथ स्तर से लेकर मंडल व जिले की पांचों विधानसभाओं में कार्यक्रम के सहसंयोजक अमित ढाकल, रिषिराज भार्गव, हरीश शर्मा, अनिल सैनी को साथ लेकर मेहनती कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पूरी निष्ठा पूर्वक पूरे जिले में इन कार्यक्रमों को चलाएंगी।


कैथल। ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।


### नशे के खिलाफ किया जागरूक

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी आस्था मोदी के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाकर कलायत में विभिन्न स्थानों पर मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। इसके साथ साथ एडीजीपी ओफिस हिसार से आए एसआई सज्जन सिंह द्वारा कलायत में एक नशा मुक्त प्रोग्राम अंतर्गत आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया तथा बताया गया कि पुलिस विभाग नशा मुक्ति अभियान को गति देते हुए निरंतर आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक करेगा तथा नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान करके उन्हे नशा छोड़ने के लिए ईलाज भी करवाया जाएगा। इसके साथ साथ नशा तस्करों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्ती टीम गांव गांव जाकर हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है तथा पुलिस की इस कल्याणकारी मुहिम की प्रशंसा कर रहे है।

## पंजीकरण के लिए सरल पोर्टल पर करें आवेदन : डीपीओ सीमा रोहिला

# प्ले स्कूलों में तीन से छह वर्ष आयु के बच्चों का ही होगा दाखिला, प्राइवेट के लिए पंजीकरण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ›› जींद



महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिला ने बताया कि जिले में संचालित सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) नई दिल्ली द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार एक वर्ष की अवधि के लिए किया जाना अनिवार्य है। वर्ष 2025-26 के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सभी प्ले स्कूल संचालकों से अनुरोध किया जाता है कि वे निर्धारित समय में अपना पंजीकरण सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कराना सुनिश्चित करें। डीपीओ सीमा रोहिला ने बताया कि बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और समग्र विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह पंजीकरण प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है।

इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि बच्चों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल शैक्षिक वातावरण प्राप्त हो रहा है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों का दाखिला किसी भी प्ले स्कूल में करवाने से पूर्व उसकी मान्यता एवं पंजीकरण की स्थिति की जांच

### प्ले स्कूल पंजीकरण के लिए शर्तें

प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए कुछ आवश्यक शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। जिनका पालन करना सभी संचालकों के लिए अनिवार्य है। इनमें हर वर्ष मान्यता का नवीनीकरण करवाना, पिछले तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करना, अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र एवं पीने योग्य जल की उपलब्धता का प्रमाण देना, साथ ही पॉक्सो एक्ट व जेजे एक्ट के अनुपालन का शपथ पत्र देना शामिल है। इसके अतिरिक्त प्ले स्कूल में केवल तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों का ही दाखिला किया जा सकता है और विद्यालय संचालन का समय प्रतिदिन तीन से चार घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक कक्षा में अधिकतम 20 बच्चों पर एक प्रशिक्षित शिक्षक और एक केयर टेकर की नियुक्ति अनिवार्य है। बच्चों के लिए एक विश्राम कक्ष, दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष शौचालय तथा लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। इसके अलावा खेलकूद गतिविधियों के लिए एक प्ले ग्राउंड तथा पूरे परिसर में सीसी टीवी कैमरों की व्यवस्था होना आवश्यक है। सभी शिक्षकों और स्टाफ की पूर्ण जानकारी तथा पुलिस सत्यापन भी अनिवार्य किया गया है। प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण उन सभी अभिभावकों और बच्चों के हित में है जो इन संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।